Alberta **समाचार** विज्ञप्ति

एल्बर्टा का टीकाकरण तेज गति पकड़ रहा है

12 अप्रैल 2021

कैलगरी और एडमोंटन में त्वरित प्रवाह क्लीनिकों (rapid flow clinics) के खुलने के परिणामस्वरूप एल्बर्टा रिकॉर्ड गति से खुराकों के वितरण का विस्तार कर रहा है।

1,300 से भी अधिक फार्मेसियों और 103 टीकाकरण स्थलों, तथा आने वाले सप्ताहों में और भी अधिक स्थलों पर टीकाकरण की उपलब्धता के परिणामस्वरूप अब एल्बर्टा प्रांत सप्ताह में 300,000 से भी अधिक खुराकें वितरित करने की तेज गति पर आगे बढ़ रहा है।

अब तक कम से कम 684,000 से भी अधिक एल्बर्टावासियों को टीके की एक-एक खुराक मिल चुकी है, जिससे गंभीर परिणामों से उन्हें सुरक्षित रखने और COVID-19 के फैलाव को कम करने में सहायता मिली है।

एल्बर्टा में सभी वयस्कों को जून के अंत तक टीके की पहली खुराक प्रस्तुत कर दी जाएगी, बशर्ते टीकों की आपूर्ति समयानुसार प्राप्त हो सके।

"टीकों और रूपांतरों के बीच की दौड़ में हम आगे निकल रहे हैं। हम अपने रोलआउट और समयरेखाओं में तेजगति बनाए रखेंगे। हम 30 जून तक प्रत्येक वयस्क व्यक्ति को उनकी पहली खुराक देने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने या इसे पार करने के लिए कृतसंकल्प हैं।"
जेसन केनी, प्रीमियर

"हमारे स्वास्थ्य अधिकारी टीकों की नई आपूर्तियाँ प्राप्त होते ही उन्हें यथाशीघ्र एल्बर्टावासियों के लिए उपलब्ध कराने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मैं एल्बर्टावासियों से पुरजोर आग्रह करता हूँ कि जैसे ही आप पात्र हो जाएँ, अपना टीकाकरण कराएँ। जब आपकी बारी आती है, तो कृपया अपनी शॉट के लिए साइन अप करें, अपने एपॉइंटमेंट पर जाएँ और अपनी दूसरी खुराक के लिए फॉलो-अप करें।
टायलर शैंड्रो,स्वास्थ्य मंत्री

पिछले एक सप्ताह में एल्बर्टा ने टीके के वितरण में वृद्धि करने के लिए कई कदम उठाए हैं:

- स्वास्थ्य-संबंधी पूर्वस्थितियों से ग्रस्त 650,000 से भी अधिक पात्र एल्बर्टावासियों के लिए चरण 2B पूरी तरह से खोल दिया गया है।
- 240,000 से भी अधिक स्वास्थ्य-देखभाल कर्मियों के लिए चरण 2C खोल दिया गया है।
- 55 से 64 वर्ष के आयुवर्ग के एल्बर्टावासियों के लिए एस्ट्राज़ेनेका टीकाकरण की बुकिंगें उपलब्ध करा दी गई हैं।
- 12 अप्रैल को कैलगरी और एडमोंटन में त्वरित प्रवाह क्लीनिक (rapid flow clinics) खोले जाने के अतिरिक्त ग्रैंड प्रेयरी, फोर्ट मैकमर्रे, रेड डियर, लेथब्रिज और मेडिसिन हैट में भी त्वरित प्रवाह (rapid flow clinics) क्लीनिक खोल दिए गए हैं।

13 अप्रैल से एडमोंटन और कैलगरी में शुरुआत में कुछ चयनित प्रतिभागी फार्मेसियाँ पात्र एल्बर्टावासियों को एस्ट्राज़ेनेका का टीका लगवाने के लिए केवल एपॉइंटमेंट के बजाय वॉक-इन टीकाकरण बुकिंग की अनुमति भी आरंभ कर देंगी। लेकिन कई फार्मेसियां केवल एपॉइंटमेंट से ही बुकिंग करेंगी, इसलिए सीधे किसी फार्मेसी में जाने से पहले कृपया एल्बर्टा ब्लू क्रॉस (Alberta Blue Cross) की वेबसाइट पर जांच कर लें या अपने विशिष्ट स्थल की बुकिंग प्रक्रिया के बारे में और अधिक जानकारी के लिए उनसे संपर्क करें।

एल्बर्टा स्वास्थ्य (Alberta Health) और एल्बर्टा चिकित्सा संगठन (Alberta Medical Association) COVID-19 टीकाकरण प्रतिक्रिया में चिकित्सकों के क्लीनिकों (physician clinics) को शामिल करने के लिए साथ-मिलकर काम कर रहे हैं। पहले पायलट क्लीनिकों (pilot clinics) और व्यापक विस्तार के बारे में जानकारी जल्द ही घोषित की जाएगी।

चरण 2C में सूचीबद्ध अतिरिक्त समूह आने वाले सप्ताहों में पात्र हो जाएँगे। जैसे-जैसे हरेक समूह एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए पात्र होता जाएगा, वैसे-वैसे और अधिक जानकारी साझा की जाएगी।

अब COVID-19 टीकाकरण के लिए 1.7 मिलियन से भी अधिक एल्बर्टावासी पात्र हैं। प्रतिभागी फार्मेसियों में अथवा ऑनलाइन या 811 पर फोन करके एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाओं (एएचएस) [Alberta Health Services (AHS)] के साथ बुकिंग की जा सकती हैं।

एल्बर्टा सरकार COVID-19 महामारी की प्रतिक्रिया में वक्र को मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए सटीक उपायों के माध्यम से जीवन और लोगों की आजीविकाओं की रक्षा कर रही है।

संबंधित जानकारी

- एल्बर्टा में COVID-19 टीकाकरण
- फार्मेसी में एपॉइंटमेंट बुक करें

मल्टीमीडिया

- समाचार सम्मेलन देखें
- समाचार सम्मेलन सुनें
- आयोजन की तस्वीरें देखें

मीडिया पूछताछ

जेरिका गुडविन
587-988-3278
प्रेस सचिव, प्रीमियर कार्यालय
(Press Secretary, Office of the Premier)

टॉम मैकमिलन
780-422-4905
सहायक संचार निदेशक, स्वास्थ्य
(Assistant Director of Communications, Health)

और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया यहाँ जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx